web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 08 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 13

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अफगानिस्तान में भूकंप के जबरदस्त झटके, 6.1 रही तीव्रता, 14 लोगों की मौत; 38 घायल

**काबुल ।** पश्चिम अफगानिस्तान के हेरात, बदगीस, फराह प्रांतों और आसपास के इलाकों में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता से भूकंप आया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है। वहीं करीब 78 लोग घायल हुए हैं। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11.10 बजे आया, जिससे लोगों को अपने घरों से भागने पर मजबूर होना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स में कई बिल्डिंग्स के भी ढहने की जानकारी सामने आई है। इसकी वजह से मौत का आंकड़ा बढऩे की आशंका है। इससे पहले, शुक्रवार की देर रात मेक्सिको में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे।

### कनाडा में विमान दुर्घटनाग्रस्त, भारत के दो ट्रेनी पायलट सहित तीन लोगों की मौत

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में हवाई अड्डे के पास एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि पाइपर पीए-34 सेनेका, एक दो इंजन वाला हल्का विमान, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग दो बजे (2100 जीएमटी), पर हवाई अड्डे से लगभग एक किलोमीटर दूर एक मोटल के बगल में गिर गया। दुर्घटना में पायलट सहित विमान पर सवार सभी लोगों की मौत हो गयी। हादसे में मरने वालों में भारत के दो ट्रेनी पायलट थे। दोनों ट्रेनी पायलट मुंबई के रहने वाले थे। इनके नाम अभय गडरू और यश विजय रामुगडे था। इस बीच, कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांचकर्ताओं को नियुक्त किया है। स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए हैं।

### लेबनान की नौसेना ने समुद्र से 125 अप्रवासियों को बचाया

**बेरूत ।** लेबनानी नौसेना ने पाम द्वीप समूह के पास उत्तरी शहर त्रिपोली में अल-मीना के तट से एक अवैध आव्रजन नाव पर सवार 124 सीरियाई और एक लेबनानी को बचाया। नाव अल-अब्दा बीच से रवाना हुई थी और शुक्रवार दोपहर को इसका इंजन खराब हो गया। यात्रियों ने सेना, नौसेना बलों से मदद मांगी, जिनके सदस्यों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उन्हें बचाया। नाव और यात्रियों को त्रिपोली के बंदरगाह पर स्थानांतरित कर दिया गया और उन्हें तुरंत प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई।

### मेक्सिको में बड़ा हादसा, प्रवासियों से भरी बस पलटने से 18 लोगों की मौत; 25 घायल

**मेक्सिको सिटी ।** दक्षिणी मेक्सिको में एक राजमार्ग पर प्रवासियों, जिनमें ज्यादातर वेनेजुएला के लोग थे, को ले जा रही एक बस के पलट जाने से 18 लोगों की मौत हो गई। ओक्साका राज्य के नागरिक सुरक्षा समन्वय ने शुक्रवार को कहा कि दुर्घटना ओक्साका और पड़ोसी राज्य प्यूब्ला को जोडऩे वाले राजमार्ग पर हुई। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि कम से कम 17 लोग मारे गए और लगभग 25 अन्य घायल हो गए, जिनका अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। नागरिक सुरक्षा समन्वय ने कहा कि अधिकारियों ने दोनों दिशाओं में सडक़ को आंशिक रूप से बंद कर दिया है। यात्री बस 55 प्रवासियों को ले जा रही थी। ओक्साका के गवर्नर सॉलोमन जारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, हमें दुर्घटना पर गहरा अफसोस है। हमारे सरकारी कर्मी प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### सारण में तालाब में डूबकर किशोर की मौत

**छपरा (आरएनएस)।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में तालाब में स्नान करने के दौरान एक किशोर की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि गोढऩा गांव निवासी राजेश राय का पुत्र मकेश्वर कुमार (10) जीवित्पुत्रिका व्रत के कारण शुक्रवार की देर शाम अपनी मां के साथ तालाब में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मकेश्वर कुमार का शव तालाब से बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

## इसरो ने साझा की गगनयान अंतरिक्ष यान की पहली तस्वीर, मनुष्यों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए कर रहे तैयार



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बेंगलुरु में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गगनयान अंतरिक्ष यान की तस्वीरें साझा की है, जो दिसंबर, 2024 में मनुष्यों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए तैयार है।इसरो ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, इसरो गगनयान मिशन के लिए मानवरहित फ्लाइट टेस्ट शुरू करेगा। फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जो क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है।

गगनयान मिशन के तहत इसरो करीब 3 दिनों के लिए 2 से 3 सदस्यों के एक दल को पृथ्वी के चारों ओर लगभग 400 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में ले जाएगा और भारतीय समुद्री जल में किसी चुने हुए स्थान पर उन्हें उतारकर पृथ्वी पर सुरक्षित वापस ले आएगा।इसरो ने कहा है कि आगामी फ्लाइट टेस्ट मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी और इससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान मिशन शुरू होगा।

### भारतीय नौसेना में प्रथम 360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** श्वेत वस्त्रधारी महिलाएं और पुरुष भारतीय नौसेना के शिप फर्स्ट दृष्टिकोण के केंद्र में हैं और निकट भविष्य में भी इसकी सबसे बड़ी संपत्ति बने रहेंगे। अपने पेशेवर और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय नौसेना मानती है कि एक चुस्त, अनुकूली और उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन अनिवार्य है। उस संबंध में, भारतीय नौसेना ने विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए 360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र की एक नवीन परिवर्तनकारी पहल को संस्थागत बनाया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवधिक गोपनीय रिपोर्टों के वर्तमान मूल्यांकन तंत्र में टॉप-डाउन दृष्टिकोण की अंतर्निहित सीमा है, क्योंकि यह अधीनस्थों पर किसी नेता के प्रभाव को पूरा नहीं करता है या उसकी मात्रा निर्धारित नहीं करता है। भारतीय नौसेना के 360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र का उद्देश्य पदोन्नति के लिए विचार किए जा रहे प्रत्येक अधिकारी के लिए उपयुक्त रूप से पहचाने गए साथियों और अधीनस्थों से बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण शामिल करके इस कमी को दूर करना है। सर्वेक्षण में प्रश्नों का एक स्पेक्ट्रम शामिल है, जिसमें पेशेवर ज्ञान, नेतृत्व गुण, युद्ध/संकट में उपयुक्तता और उच्च रैंक प्राप्त करने की क्षमता जैसे पहलू शामिल हैं। इस प्रकार प्राप्त इनपुट को एक ध्वज अधिकारी की अध्यक्षता में नामित अधिकारियों के बोर्ड द्वारा स्वतंत्र विश्लेषण के लिए उपयुक्त रूप से परिमाणित किया जाता है। इसे व्यवहार परिवर्तन और सुधार लाने के लिए अधिकारियों को फीडबैक के रूप में भी प्रदान किया जाएगा। इसी तरह की मूल्यांकन प्रणालियाँ विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संगठनों में प्रचलित हैं। भारतीय नौसेना ऐसी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने में गर्व महसूस करती है और यह पहल लड़ाकू तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य प्रतिरोधी बल बने रहने की दिशा में अन्य प्रयासों की निरंतरता में है।

## जम्मू-कश्मीर सडक़ दुर्घटना में तीन की मौत, पांच घायल

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बीती देर शाम एक सडक़ दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि कल देर शाम डोडा जिले के खेलानी में एक निजी वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार आठ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा, पांच घायलों का इलाज डोडा शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा है। डोडा और किश्तवाड़ जिलों का कठिन, पहाड़ी इलाका घातक सडक़ दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात है। यातायात विभाग के अधिकारी इन हादसों के लिए ओवरलोडिंग और लापरवाह चालकों की तेज रफ्तार को जिम्मेदार बता रहे हैं। आम जनता बेलगाम वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए यातायात विभाग के अधिकारियों पर निगरानी के अभाव का आरोप लगा रही है।

## स्कूल में तीन छात्र बेहोश, भूत की अफवाह से बच्चे नहीं जा रहे स्कूल



**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के पलामू जिले के एक प्राथमिक स्कूल में भूत की अफवाह से तीन बच्चे बेहोश हो गये। इसके बाद डर के मारे बच्चों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया है।

मामला तरहसी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पूर्णी टरिया का है। इस स्कूल में पढऩेवाले तीन छात्र गुरुवार को बेहोश हो गये थे। इसके बाद अफवाह उड़ी कि स्कूल में किसी भूत-प्रेत का साया है। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों ने डर के मारे स्कूल जाना ही बंद कर दिया है।

जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो देखा स्कूल में एक भी बच्चा नहीं पहुंचा है। स्कूल में पहली से छठी कक्षा तक की पढ़ाई होती है और कुल 127 बच्चे यहां अध्ययनरत हैं। जब शिक्षा विभाग को स्कूल में बच्चों के न पहुंचने की जानकारी मिली तो सीआरपी नीलम कुमार पांडेय ने बच्चों के घर जाकर उन्हें समझाया कि भूत-प्रेत जैसी कोई चीज नहीं होती है। यह महज अफवाह है। उन्होंने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अभिभावक बच्चों को फिर से स्कूल भेजने पर सहमत हो गये हैं।

## पीएम मोदी और अहमदाबाद क्रिकेट स्टेडियम पर बम से हमले की धमकी, 500 करोड़ की फिरौती व गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की मांग




**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई पुलिस को एक दहशत भरा मेल भेजा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे इस मेल में सरकार से 500 करोड़ रुपये व गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोडऩे की भी मांग की गई है। फिलहाल बिश्नोई को दिल्ली के मंडोली जेल में रखा गया है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा यह मेल राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भेजा गया था और एजेंसी ने इस मेल के बारे में मुंबई पुलिस को बताया।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'एनआईए से हमें इस मेल के बारे में पता चला, जिसके बाद अन्य एजेंसियों को भी इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। एनआईए को जिस ईमेल आईडी से मेल भेजा गया था, हमने उसके बारे में भी पता कर लिया है। मेल यूरोप से भेजा गया है।' उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है जैसे यह विदेश में बैठे किसी व्यक्ति की शरारत है, उन्होंने उस व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही वर्ल्ड कप के सभी मैचों के लिए भी कड़ी सुरक्षा का इंतजाम करने का आश्वासन भी दिया है।

एनआईए को भेजे गए मेल में कहा गया, 'अगर सरकार हमें 500 करोड़ रुपये देने और लॉरेंस बिश्नोई को रिहा करने में असमर्थ रही तो हम नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ा देंगे। हिंदुस्तान में सबकुछ बिकता है, इसलिए हम भी कुछ लेकर आए हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना सुरक्षित हैं, हमसे आप सुरक्षित नहीं रह सकते। अगर आप बात करना चाहते हैं तो इस मेल पर कर सकेत हैं।' खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ भी वर्ल्ड कप मैचों में हमला करने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया था। उसने मारे गए आतंकी निज्जर का बदला लेने की धमकी भी दी थी।

## महादेव बेटिंग ऐप मामला : मुंबई के चर्चित प्रोडक्शन हाउस पर ईडी की दबिश



**मुंबई (आरएनएस)।** महादेव बेटिंग ऐप मामले में बॉलीवुड स्टार्स ईडी की रडार पर हैं। ईडी लगातार इस मामले में कार्रवाई कर रही है। जांच के दायरे में बीते दिन बॉलीवुड के चर्चित स्टार्स रणबीर कपूर, हुमा कुरैशी, श्रद्धा कपूर से लेकर कॉमेडियन कपिल शर्मा का नाम सामने आया है। इसके बाद अब जांच एजेंसी ने मुंबई के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस में छापेमारी की है। प्रोडक्शन हाउस में रेड पडऩे के बाद से बॉलीवुड सितारों में हडक़ंप सा मच गया है।

बॉलीवुड स्टार्स के बाद अब मुंबई के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस में छापा पड़ा है। जानकारी के अनुसार मुंबई में 5 अलग-अलग जगहों पर जांच एजेंसी की रेड जारी है। मुंबई के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस 'कुरैशी प्रोडक्शंस' भी इस मामले की चपेट में आ गया है। सुत्रों के अनुसार मुम्बई अंधेरी वेस्ट में स्थित दुर्गा इंटरप्राइजेज की बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर कुरैशी प्रोडक्शन हाउस का ऑफिस है। कुरैशी प्रोडक्शंस वसीम और तबस्सुम कुरेशी का मुंबई के सबसे पॉपुलर प्रोडक्शंस हाउस में से एक है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम को श्वष्ठ की टीम यहां पहुची थी और करीब 8 घंटें यहां छानबीन की गई थी। इसके बाद ईडी को कई सारे ऐसे लीक मिले जैसे ने उलझी हुई पहेली को सुलझा दिया।

जानकारी के अनुसार वसीम कुरेशी के प्रोडक्शन हाउस को दुबई से महादेव बेटिंग ऐप की तरफ से बड़ी रकम भेजी गई थी, जिसकी जांच करने श्वष्ठ की टीम पहुंची थी। यह रकम एक बड़े बजट की रिजनल भाषा में बनाई जाने वाली फिल्म के लिए वसीम कुरेशी को भेजी गई थी।

### कर्नाटक : माइक्रो-फाइनेंस कंपनी के उत्पीड़न से परेशान होकर महिला किसान ने की आत्महत्या



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के चिक्कमगलुरु जिले में एक महिला किसान ने कर्ज चुकाने के लिए एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान 64 वर्षीय देवीरम्मा के रूप में हुई है और यह घटना कडुरू तालुक के तंगली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने ग्रामीण कूटा फाइनेंस कंपनी से 78 हजार रुपये का लोन लिया था। फसल बर्बाद होने के कारण वह संकट में थी, इसलिए वह एक महीने से किस्त नहीं चुका पाई। कंपनी के कर्मचारी तब से लगातार उसके घर आ रहे थे और कथित तौर पर उसे परेशान कर रहे और कर्ज चुकाने के लिए दबाव डाल रहे थे। प्रताडऩा बर्दाश्त न कर पाने पर महिला ने अपने घर में ही फांसी लगा ली। माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मचारी शंकर नायक, उषा और रूबीना के खिलाफ कदुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। राज्य सरकार ने चिक्कमगलुरु को सूखा प्रभावित जिला घोषित कर दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सूखे की वजह से तीन किसानों ने आत्महत्या कर ली है।

## बिजनौर में तेंदुए ने 18 वर्षीय युवती पर किया हमला, हालत गंभीर



**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में बीती रात को एक तेंदुए ने 18 वर्षीय युवती पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती के चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवती को बचाया और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। युवती की गर्दन और सिर में गहरे घाव हैं।

युवती के पिता संजय कुमार ने कहा कि उनकी बेटी नीलम घर के बाहर हैंडपंप से पानी लेने गई थी। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे जंगल में ले जाने की कोशिश की, लेकिन उसके चिल्लाने पर लोग मौके पर पहुंचे, तो तेंदुआ उसे छोडक़र भाग गया। घटना बीती रात करीब 8 बजे को बिजनौर जिले के रेहड़ थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के बाहरी इलाके में हुई।

वन अधिकारी ने कहा हमने तेंदुए को फंसाने के लिए पिंजरे लगाए हैं। इलाके में रहने वाले ग्रामीणों को भी सतर्क कर दिया गया है। गौरतलब है कि तेंदुए के हमले में बिजनौर जिले में नौ महीनों में 16 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 50 अन्य घायल हो गए।

## अर्श से फर्श पर पहुंचा टमाटर : सही दाम न मिलने पर मुफ्त बांटने लगे किसान



**महाराष्ट्र (आरएनएस)।** इस साल टमाटर किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है और आए दिन सुर्खियों में आ रहा है। कभी टमाटर के भाव 300 रुपये के पार पहुंच जाते हैं तो कभी मंडियों में 10 रुपये प्रति किलो से भी कम कीमतें हो जाती है। इसी कड़ी में टमाटर एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, महाराष्ट्र के लातूर जिले के मुरुड़ गांव में किसानों को टमाटर के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, जिसके चलते गुस्साए किसानों ने अपने टमाटर को मुफ्त में ही बांटना शुरू कर दिया। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

दरअसल, दो महीने पहले टमाटर के बढ़ते रेट को देखकर किसानों ने मार्केट में अच्छा भाव मिलने की उम्मीद से टमाटर के उत्पादन पर जोर दिया, लेकिन अब टमाटर की मार्केट में आवक इतनी बढ़ गई है कि लातूर के मार्केट में हर दिन 5000 कैरेट टमाटर की आवक हो रही है।

इस बढ़ती हुई आवक के कारण 200 रुपए प्रति किलो से बिकने वाला टमाटर अब थोक मार्केट में सिर्फ 3 रुपये प्रति किलो के भाव से ही बिक रहा है। इसके चलते मुरुड शहर के सब्जी मार्केट में तीन टमाटर उत्पादक किसानों ने मिलकर मार्केट में खरीदारी करने आए लोगों को मुफ्त में टमाटर बांट दिए। एक तरफ टमाटर बांट रहे बेबस किसान अपने नुकसान के बारे में चिल्ला चिल्ला कर बता रहे थे, तो वही दूसरी ओर मुफ्त में मिल रहे टमाटर को लेने के लिए लोग एक दूसरे से लड़ते हुए दिखे।

## जबलपुर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के दौरान हुआ हादसा, मलबे में दबने से 1 मजदूर की मौत, 3 घायल



**नई दिल्ली / जबलपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में मदनमहल से दमोहनाका तक बन रहे सबसे लंबे फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य के दौरान शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य के दौरान अचानक मलबा ढहने से चार मजदूर दब गए। इसके बाद मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और चारों मजदूरों को बाहर निकाला जा गया। इसके बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई जबकि तीन का इलाज जारी है।जानकारी के मुताबिक रोजाना की तरह शनिवार को भी फ्लाई ओवर निर्माण कार्य जारी रहा। मदन महल थाने के पास मजदूर अपने काम में जुटे हुए थे। इसी दौरान अचानक मलबा ढह गया और चार मजदूर उसकी चपेट में आ गए। मलबे के नीचे दब गए। घटना से मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई उसके बाद पुलिस ने जन सहयोग से मलबे में दबे चार मजदूरों को बाहर निकाल और तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि चारों मजदूरों को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत एक मजदूर को मृत्यु घोषित कर दिया है जबकि तीन का उपचार जारी है।

**27 सितंबर को सीएम ने किया था लोकार्पण**

विदित हो कि जबलपुर शहर में बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने एवँ जबलपुर को महानगरीय स्वरूप में लाने साँसद राकेश सिंह के प्रयासों से स्वीकृत मप्र के सबसे बड़े फ्लाई ओवर जो मदनमहल से दमोहनाका तक बनाया जा रहा है इसके एक हिस्से महानदद्दा से गुलाटी पेट्रोल पंप तक का निर्माण कार्य पूरा होने पर उसका लोकार्पण 27 सितम्बर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया था।